Title: The Speaker welcomed Hon?ble Member of Parliamentary Delegation from the National Assembly of the Republic of Zambia led by the Hon?ble Speaker Miss Nelly Butete Mutti

Welcome to Parliamentary Delegation

from the Republic of Zambia

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं अपनी ओर से और इस सभा के माननीय सदस्यों की ओर से भारत के दौरे पर आईं जाम्बिया गणराज्य की नेशनल असेंबली की स्पीकर माननीय सुश्री नेली बूटेटे मूटी और जाम्बिया के संसदीय शिष्टमंडल के सम्मानित अतिथियों का स्वागत करता हूँ, अभिनंदन करता हूँ ।

जाम्बिया का संसदीय शिष्टमंडल बुधवार, 1 फरवरी, 2023 को भारत पहुँचा और शिष्टमंडल के सदस्य अब विशेष दीर्घा में आसीन हैं । वे भारत से वापसी के पहले दिल्ली के अतिरिक्त शनिवार, 4 फरवरी, 2023 को आगरा का भी भ्रमण करेंगे । हम अपने देश में उनके सुखद और सार्थक प्रवास की कामना करते हैं । हम जाम्बिया के शिष्टमंडल के माध्यम से जाम्बिया गणराज्य के संसद सदस्यों, वहाँ की सरकार और मित्रवत् जनता को बधाई और शुभकामनायें देते हैं ।

____

11.02hrs

ORAL ANSWER TO QUESTION

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 1, श्रीमती पूनमबेन माडम ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह प्रश्न काल है और प्रश्न काल महत्वपूर्ण होता है । प्रश्न काल चलना चाहिए । सभी विधान मंडलों के सम्मेलन में इसकी चिंता व्यक्त की गई थी । सभी माननीय विधान सभा अध्यक्षों ने कहा है कि प्रश्न काल स्थगित नहीं होना चाहिए ।

? (व्यवधान)

11.03 hrs

At this stage, Shri B. Manickam Tagore, Shrimati Kanimozhi Karunanidhi, Sushri Mahua Moitra and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

? (व्यवधान)

(Q. 1)

श्रीमती पूनमबेन माडम : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूँगी । ? (व्यवधान) हम सभी जानते हैं कि पानी की सबसे ज्यादा खपत सिंचाई के रूप में होती है । ? (व्यवधान) माननीय मंत्री जी ने बहुत विस्तार से मेरे प्रश्न का उत्तर दिया है । ? (व्यवधान) हम सभी जानते हैं कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी माइक्रो इरीगेशन को बढ़ावा देते हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सदन को चलाना नहीं चाहते हैं । आप सदन की मर्यादा नहीं रखना चाहते हैं । सदन चले, आप अपने बुनियादी सवालों को उठाएं, मैं आपको पर्याप्त समय पर्याप्त अवसर दूँगा ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं, कृपया अपनी सीट पर जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बिना तथ्यों के कोई बात मत कीजिए । कृपया, अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं पुन: आग्रह करता हूं कि आप सब अपनी-अपनी सीट पर जाकर बैठिये ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न काल महत्वपूर्ण समय होता है । जब माननीय सदस्य अपने प्रश्नों के द्वारा सरकार से जवाब पूछते हैं, तो उन प्रश्नों के जवाब से समस्याएँ हल होती हैं, समाधान होता है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज, आप सब अपने-अपने स्थान पर जाइये ।

? (व्यवधान)

*WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

(Starred Question Nos. 2 to 20

Unstarred Question Nos. 1 to 230)

(Page No. 11-748)

-

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही आज दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

11.06 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

? (व्यवधान)

14.00 hrs

The Lok Sabha reassembled at Fourteen of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

? (व्यवधान)

14.0½ hrs

At this stage, Prof. Sougata Ray, Dr. T. Sumathy (A) Thamizhachi Thangapandian, Shri Kodikunnil Suresh *and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

? (व्यवधान)